# चहल ने पूछा सवाल, शमी बोले गर्लफ्रेंड से अब भरोसा उठ गया




जो हुआ, वह काफी निराशा भरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर भारत में 3 मई तक देशव्यापी लॉकडाउन को बढ़ाया गया है। ऐसे में खेल जगत की दिग्गज हस्तियां अपने-अपने घर पर समय बिता रही हैं। इसी बीच टीम इंडिया के स्टार पेसर मोहम्मद शमी और स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने-अपने घर से इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो चैट किया और काफी बातें शेयर कीं।

युजवेंद्र चहल तो लॉकडाउन के दौरान टिकटॉक पर काफी वीडियो बना रहे हैं जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। वहीं, शमी यूपी के अमरोहा में अपने घर पर समय बिता रहे हैं और जरूरतमंदों की मदद भी कर रहे हैं। 29 वर्षीय चहल ने टीम इंडिया के अपने साथी पेसर शमी से बातचीत की। इस दौरान चहल ने शमी से रैपिड फायर राउंड भी खेला। इस स्पिनर ने मजाकिया लहजे में रैपिड फायर के दौरान शमी से पूछा कि पड़ोसन या फिर गर्लफ्रेंड, तो शमी ने कहा कि अब तो गर्लफ्रेंड पर विश्वास नहीं रहा, इसलिए पड़ोसन। चहल ने इस पर कहा, हां, इस वक्त लॉकडाउन में तो पड़ोसन को ही देख सकते हैं।


चैट के दौरान दोनों ने मुंबई के बांद्रा में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने पर निराशा जाहिर की। दोनों ने कहा कि जो हुआ, वह काफी निराशा भरा है। सरकार को इस बारे में जरूर सोचना चाहिए कि मजदूरों की मदद हो सके। कोविड-19 महामारी से बचाव के तौर पर भारत में भी लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ा दिया गया है। इससे पहले 14 अप्रैल तक लॉकडाउन घोषित किया गया था। शमी ने बताया कि वह अमरोहा में एक संगठन के साथ काम कर रहे हैं, जो जरूरतमंदों के खाने और रहने की व्यवस्था कर रहा है।

# कोविड-19 का परीक्षण कराओ पर टी20 विश्व कप रद्द नहीं करो

## वर्ल्ड कप कैंसिल करने के पक्ष में नहीं हैं ब्रैड हॉग

**अपील**

ऑस्ट्रेलिया में लाकर भी उन्हें क्वॉरनटीन में रखा जाए



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग का मानना है कि उनके देश को इस साल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टी20 विश्व कप आयोजन करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, भले ही इसके लिए टीमों को एक महीने पहले चार्टर्ड फ्लाइट में लाना पड़े और सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का कोविड-19 परीक्षण कराना पड़े। कोविड-19 महामारी के कारण दुनिया भर में एक लाख 20 हजार से अधिक लोगों की जान गई है और कई देशों में लॉकडाउन घोषित किया गया है।

इस घातक बीमारी के कारण टी20 विश्व कप पर भी संशय के बादल छा गए हैं जिसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया में 18 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच होना है। हॉग ने कहा कि वह टूर्नामेंट को स्थगित या रद्द करने के विचार के खिलाफ हैं और टूर्नामेंट के सुचारू आयोजन के लिए आयोजकों को समय रहते कुछ जरूरी कदम उठाने होंगे।

हॉग ने अपने ट्विटर हैंडल पर डाले वीडियो में कहा, 'इस तरह की बातें हो रही हैं कि ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप को रद्द किया जा सकता है या इसका समय बदला जा सकता है। मुझे यह पसंद नहीं है... लेकिन कुछ समस्याएं हैं जिनका हल निकालने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'काफी खिलाड़ी लॉकडाउन से गुजर रहे हैं। वह बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और टी20 विश्व कप जैसे टूर्नामेंट के लिए ट्रेनिंग और तैयारी नहीं कर पा रहे। इसलिए हमें उन्हें यहां एक या डेढ़ महीना पहले लाना होगा।'

हॉग ने सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश के लिए चार्टर्ड फ्लाइट लेने से पहले प्रत्येक खिलाड़ी का परीक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'व्यावसायिक उड़ाने उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए हमें चार्टर्ड उड़ानों का सहारा लेना होगा... चार्टर्ड फ्लाइट में बैठने से पहले सभी खिलाड़ियों का परीक्षण होना चाहिए।'

हॉग ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में आने के बाद उन्हें दो हफ्तों के लॉकडाउन से गुजरना होगा। दो हफ्ते का पृथक रहने का समय पूरा होने के बाद उनका दोबारा परीक्षण होगा और अगर वे परीक्षण में सफल रहते हैं तो बाहर जाने, तैयारी और ट्रेनिंग करने के लिए स्वतंत्र होंगे।'

हॉग ने कहा कि क्रिकेट में सामाजिक दूरी बनाना समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा, 'सामाजिक दूरी बनाना क्रिकेट में समस्या नहीं होगी क्योंकि अधिकांश समय खिलाड़ी एक दूसरे से एक-डेढ़ मीटर से अधिक की दूरी पर ही रहते हैं। एकमात्र समस्या स्लिप में हो सकती है लेकिन इसके लिए नियम बनाया जा सकता है कि स्लिप में दो खिलाड़ियों के बीच कम से कम दो मीटर की दूरी होगी।'

# शास्त्री ने कहा, कोरोना वैश्विक महामारी सभी वर्ल्ड कप से बड़ी




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी को सभी वर्ल्ड कप से बड़ा करार दिया है। उन्होंने इसे मदर ऑफ ऑल वर्ल्ड कप कहा है। उन्होंने लोगों से निवेदन किया है कि इस स्वास्थ्य संकट के दौरान केंद्र सरकार के आदेशों का पालन करें।

शास्त्री ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा, आज कोविड-19 ने हमें पीछे धकेल दिया है। इस कोरोनावायरस का सामना करना कुछ ऐसा ही है जैसे आप किसी वर्ल्ड कप को जीतना चाहते हैं। इसे जीतने के लिए आपको अपना सब कुछ झोंकना पड़ता है। जो आपके सामने है वह कोई आम वर्ल्ड कप नहीं है। यह सभी वर्ल्ड कप का बाप है। और इसका सामना सिर्फ 11 खिलाड़ी नहीं बल्कि 1.3 अरब लोग कर रहे हैं।

शास्त्री ने कहा, दोस्तो हम इस जंग को जीत सकते हैं। इसके लिए हमें कोरोना वायरस से लड़ने के बुनियादी तरीकों को देखना होगा। आपके पास आपके प्रधानमंत्री हैं जो इस जंग में अगुआई कर रहे हैं। शास्त्री ने कहा कि लोगों को फ्रंटलाइन वर्कर्स का सम्मान करना चाहिए जो इस जंग में अपनी जान खतरे में डालकर लड़ रहे हैं।

भारतीय कोच ने कहा, श्आपको ऊपर से मिलने वाले आदेशों का पालन करना चाहिए, फिर चाहे वे केंद्र से हो, राज्य सरकार से या फिर उन फ्रंटलाइन वर्कर्स से जो अपनी जान खतरे में डाल रहे हैं। शास्त्री ने कहा कि लॉकडाउन, जो अब तीन मई तक बढ़ा दिया गया है, में लोगों को घर पर ही रहना चाहिए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना चाहिए।

## आईपीएल के लिए एशिया कप को रद्द करने पर राजी नहीं होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष एहसान मनी ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग के आयोजन के लिए बोर्ड एशिया कप को रद्द करने पर राजी नहीं होगा। एशिया कप का आयोजन सितंबर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मेजबानी में होना है। आईपीएल का आयोजन 29 मार्च से 24 मई के बीच होना था लेकिन भारत में घातक कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लॉकडाउन घोषित किया गया। अब भारत में देशव्यापी लॉकडाउन 3 मई तक बढ़ा दिया गया है जिसके कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। पाकिस्तान को इस टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है लेकिन भारत ने सुरक्षा चिंताओं और दोनों देशों के बीच तल्ख राजनयिक रिश्तों के कारण वहां जाने में हिचक दिखाई जिसके बाद इसे दुबई और अबु धाबी में स्थानांतरित कर दिया गया। पीसीबी की ओर से जारी पोडकास्ट में मनी ने कहा, 'अगर तब तक क्रिकेट गतिविधियां शुरू हो जाती हैं तो एशिया कप का आयोजन महत्वपूर्ण है क्योंकि एशिया में क्रिकेट का विकास इस टूर्नामेंट से मिलने वाले पैसे पर निर्भर करता है।

## न्यूज डायरी



### टूर डि फ्रांस स्थगित, अगस्त के अंत में फिर शुरू हो सकती है रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। प्रतिष्ठित टूर डि फ्रांस को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरू करने की उम्मीदें टूट गई हैं और दुनिया की सबसे लोकप्रिय साइक्लिंग रेस को कोरोना वायरस महामारी के कारण अंततरू स्थगित कर दिया गया है। तीन हफ्ते तक चलने वाली यह रेस हालांकि अब भी इस साल आयोजित की जा सकती है। फ्रांस के समाचार पत्रों ने मंगलवार को कहा कि यह प्रतियोगिता अगस्त में शुरू हो सकती है। एलइक्विपे और ला पेरिसिएन दोनों ने कहा कि आयोजकों को उम्मीद है कि वे 29 अगस्त से 20 सितंबर के बीच प्रतियोगिता का आयोजन कर पाएंगे। नए कार्यक्रम के अनुसार टूर डि फ्रांस उस समय खत्म होगा जब नए संशोधित कार्यक्रम के अनुसार पैरिस में प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन शुरू होगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टूर डि फ्रांस 27 जून से नीस शहर में शुरू होना था।

### खेलों को दोबारा शुरू करने को लेकर ट्रंप उत्सुक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप खेलों को दोबारा शुरू करने पर विचार कर रहे हैं लेकिन कोरोना वायरस महामारी के बीच अमेरिका की विभिन्न लीग के प्रमुख प्रतियोगिताओं को लेकर सतर्क रवैया अपना रहे हैं। ट्रंप ने मंगलवार को कहा, 'हमें अपने खेलों को पटरी पर लाना होगा। मैं 14 साल पुराने बेसबॉल मैच देखकर थक गया हूं।' कोविड-19 के कारण अमेरिका सहित दुनिया भर में खेल प्रतियोगिताएं ठप पड़ी हैं। उटाह जैज के रूडी गोबर्ट को पॉजिटिव पाए जाने के बाद एनबीए (नैशनल बास्केटबॉल लीग) को 11 मार्च को बंद कर दिया गया था जबकि इसके बाद एनएचएल (नैशनल हॉकी लीग), मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) और यूएस पीजीए टूर को भी बंद कर दिया गया। खेलों को दोबारा शुरू किए जाने को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं।

### कोरोना वायरस का कहर, कई खेल प्रतियोगिताओं पर पड़ रहा असर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना के कारण खेल जगत पर छाई अनिश्चितता का तुरंत कोई हल दिखाई नहीं दे रहा, बल्कि खेल प्रतियोगिताओं के भविष्य पर लगा यह ग्रहण गहराता जा रहा है। इसका असर ओलंपिक समेत कई बड़े खेल इवेंट पर पड़ा है। ज्यादातर खेल प्रतियोगिताएं, क्रिकेट सीरीज और फुटबॉल मैच या तो स्थगित कर दिए गए हैं या उन्हें रद्द किया जा चुका है। कोरोना से बचाव के तौर पर कई देशों में लॉकडाउन घोषित है। भारत में भी लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। भारत में फुटबॉल की घरेलू प्रतियोगिता आई-लीग के बचे हुए 28 मैच रद्द होने तय हैं। प्रतियोगिता को बीच में रोक दिया गया था। मोहन बागान को आधिकारिक रूप से विजेता घोषित किया जाएगा। भारतीय ऐथलेटिक्स फेडरेशन ने उम्मीद जताई है कि देश में कोरोना वायरस की स्थिति में सुधार होगा और सितंबर से घरेलू टूर्नामेंटों की शुरुआत की जा सकती है।

### ओलिंपिक स्थगित होने से निराश हूं, पता नहीं अगले साल क्या होगा: जाट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में अधिकांश खिलाड़ी कोरोना वायरस महामारी के कारण ओलिंपिक स्थगित करने को अभ्यास के लिए अधिक समय मिलने के रूप में देख रहे हैं, लेकिन पैदल चाल खिलाड़ी भावना जाट को लगता है कि यह निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता कि अगले साल भी खेल हो सकेंगे। फरवरी में राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में अप्रत्याशित जीत दर्ज करके ओलिंपिक 20 किलोमीटर पैदल चाल के लिए क्वॉलिफाइ करने वाली भावना का मानना है कि महामारी के कारण भविष्य अभी अनिश्चित ही लग रहा है। उन्होंने कहा, 'ओलिंपिक स्थगित होने से मैं निराश हूं क्योंकि मैं अच्छी तैयारी कर रही थी और फॉर्म में थी। मार्च में जापान में एशियाई चौम्पियनशिप होनी थी जो स्थगित हो गई।' भावना ने कहा, 'अभी यह तय नहीं है कि खेल कब बहाल हो सकेगा।